آيَاتُهَا ١١١ ❀ سُوْرَةُ بَنِیْٓ اِسْرَآءِیْل (١٧) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٢

आयात 111	(17) सूरह बनी इस्राईल औलादे याक़ूब (अ)	रुकुआत 12

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

سُبْحٰنَ الَّذِیْٓ اَسْرٰی بِعَبْدِهٖ لَیْلًا مِّنَ الْمَسْجِدِ

मस्जिद	से	रातों रात	अपने बन्दे को	ले गया	वह जो	पाक

الْحَرَامِ اِلَی الْمَسْجِدِ الْاَقْصَا الَّذِیْ بٰرَكْنَا حَوْلَهٗ لِنُرِیَهٗ مِنْ

से	ताकि दिखा दें हम उसको	उस के इर्द गिर्द	बरकत दी हम ने	जिस को	मस्जिदे अक़्सा	तक	हराम

اٰیٰتِنَا ؕ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِیْعُ الْبَصِیْرُ ۝١ وَاٰتَیْنَا مُوْسَی الْكِتٰبَ

किताब	मूसा	और हम ने दी	1	देखने वाला	सुनने वाला	वह	बेशक वह	अपनी निशानियां

وَجَعَلْنٰهُ هُدًی لِّبَنِیْٓ اِسْرَآءِیْلَ اَلَّا تَتَّخِذُوْا مِنْ دُوْنِیْ وَكِیْلًا ؕ ۝٢

2	कारसाज़	मेरे सिवा	कि न ठहराओ तुम	बनी इस्राईल के लिए	हिदायत	और हम ने बनाया उसे

ذُرِّیَّةَ مَنْ حَمَلْنَا مَعَ نُوْحٍ ؕ اِنَّهٗ كَانَ عَبْدًا شَكُوْرًا ۝٣

3	शुक्र गुज़ार	बन्दा	था	बेशक वह	नूह (अ) के साथ	हम ने सवार किया	जो - जिस	औलाद

وَقَضَیْنَآ اِلٰی بَنِیْٓ اِسْرَآءِیْلَ فِی الْكِتٰبِ لَتُفْسِدُنَّ فِی الْاَرْضِ

ज़मीन	में	अलबत्ता तुम फ़साद करोगे ज़रूर	किताब	बनी इस्राईल	तरफ़ - को	साफ़ कह दिया हम ने

مَرَّتَیْنِ وَلَتَعْلُنَّ عُلُوًّا كَبِیْرًا ۝٤ فَاِذَا جَآءَ وَعْدُ اُوْلٰىهُمَا بَعَثْنَا

हम ने भेजे	दो में से पहला	वादा	आया	पस जब	4	बड़ा ज़ोर	और तुम ज़रूर ज़ोर पकड़ोगे	दो मरतबा

عَلَیْكُمْ عِبَادًا لَّنَآ اُولِیْ بَاْسٍ شَدِیْدٍ فَجَاسُوْا خِلٰلَ الدِّیَارِ ؕ

शहरों के अन्दर	तो वह घुस पड़े	सख़्त	लड़ाई वाले	अपने बन्दे	तुम पर

وَكَانَ وَعْدًا مَّفْعُوْلًا ۝٥ ثُمَّ رَدَدْنَا لَكُمُ الْكَرَّةَ عَلَیْهِمْ

उन पर	बारी	तुम्हारे लिए	हम ने फेर दी	फिर	5	पूरा होने वाला	एक वादा	और था

وَاَمْدَدْنٰكُمْ بِاَمْوَالٍ وَّبَنِیْنَ وَجَعَلْنٰكُمْ اَكْثَرَ نَفِیْرًا ۝٦

6	जत्था (लशकर)	ज़ियादा	और हम ने तुम्हें कर दिया	और बेटे	मालों से	और हम ने तुम्हें मदद दी

اِنْ اَحْسَنْتُمْ اَحْسَنْتُمْ لِاَنْفُسِكُمْ ۟ وَاِنْ اَسَاْتُمْ فَلَهَا ؕ

तो उन के लिए	तुम ने बुराई की	और अगर	अपनी जानों के लिए	तुम ने भलाई की	तुम ने भलाई की	अगर

فَاِذَا جَآءَ وَعْدُ الْاٰخِرَةِ لِیَسُوْٓءٗا وُجُوْهَكُمْ وَلِیَدْخُلُوا

और वह घुस जाएं	तुम्हारे चेहरे	कि वह बिगाड़ दें	दूसरा वादा	आया	फिर जब

الْمَسْجِدَ كَمَا دَخَلُوْهُ اَوَّلَ مَرَّةٍ وَّلِیُتَبِّرُوْا مَا عَلَوْا تَتْبِیْرًا ۝٧

7	पूरी तरह बरबाद	जहां ग़ल्बा पाएं वह	और बरबाद कर डालें	पहली बार	वह घुसे उस में	जैसे	मस्जिद

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

पाक है वह, जो अपने बन्दे को रातों रात ले गया मस्जिदे हराम (ख़ाना कअ्बा से) मस्जिदे अक़्सा (बैतुल मुक़द्दस) तक जिस के इर्द गिर्द (अतराफ़) को हम ने बरकत दी है, ताकि हम उसे अपनी निशानियां दिखा दें, बेशक वह सुनने वाला देखने वाला है। (1)

और हम ने मूसा (अ) को किताब दी, और उसे बनी इस्राईल के लिए हिदायत बनाया कि तुम मेरे सिवा (किसी को) कारसाज़ न ठहराओ। (2)

ऐ (उन लोगों कि) औलाद! जिन को हम ने नूह (अ) के साथ सवार किया, बेशक वह शुक्रगुज़ार बन्दा था। (3)

और हम ने बनी इस्राईल को किताब में साफ़ कह सुनाया, अलबत्ता तुम फ़साद करोगे ज़मीन में दो मरतबा और तुम ज़रूर ज़ोर पकड़ोगे (सरकशी करोगे)। (4)

पस जब दोनों में से पहले वादे (का वक़्त) आया तो हम ने तुम पर अपने सख़्त लड़ाई वाले बन्दे भेजे, वह शहरों के अन्दर घुस गए (फैल गए), और यह एक वादा था पूरा हो कर रहने वाला। (5)

फिर हम ने उन पर तुम्हारी बारी फेर दी (तुम्हें ग़ल्बा दिया) और मालों से और बेटों से हम ने तुम्हें मदद दी और हम ने तुम्हें बड़ा जत्था (लशकर) कर दिया। (6)

अगर तुम ने भलाई की तो अपनी जानों के लिए, और अगर तुम ने बुराई की तो उन (अपनी जानों) के लिए, फिर (याद करो) जब दूसरे वादे (का वक़्त) आया कि वह (दुश्मन) तुम्हारे चहरे बिगाड़ दें, और वह मस्जिदे (अक़्सा) में घुस जाएं जैसे वह पहली बार घुसे थे, और यह कि जहां ग़ल्बा पाएं, पूरी तरह बरबाद कर डालें। (7)

عَسٰى رَبُّكُمْ اَنْ يَّرْحَمَكُمْ ۚ وَاِنْ عُدْتُّمْ عُدْنَا ۘ وَجَعَلْنَا جَهَنَّمَ وقف لازم

जहन्नम	और हम ने बनाया	हम वही करेंगे	तुम फिर (वही) करोगे	और अगर	वह तुम पर रहम करे	कि	तुम्हारा रब	उम्मीद है

لِلْكٰفِرِيْنَ حَصِيْرًا ﴿٨﴾ اِنَّ هٰذَا الْقُرْاٰنَ يَهْدِيْ لِلَّتِيْ هِيَ اَقْوَمُ

सब से सीधी	वह	उस के लिए जो	रहनुमाई करता है	यह क़ुरआन	बेशक	8	क़ैद ख़ाना	काफ़िरों के लिए

وَيُبَشِّرُ الْمُؤْمِنِيْنَ الَّذِيْنَ يَعْمَلُوْنَ الصّٰلِحٰتِ اَنَّ لَهُمْ اَجْرًا كَبِيْرًا ﴿٩﴾

9	बड़ा अजर	उन के लिए	कि	अच्छे	अ़मल करते हैं	वह लोग जो	मोमिन (जमा)	और बशारत देता है

وَّاَنَّ الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ اَعْتَدْنَا لَهُمْ عَذَابًا اَلِيْمًا ﴿١٠﴾ ع ١٠ ١

10	दर्दनाक	अ़ज़ाब	उन के लिए	हम ने तैयार किया	आख़िरत पर	ईमान नहीं लाते	जो लोग	और यह कि

وَيَدْعُ الْاِنْسَانُ بِالشَّرِّ دُعَآءَهٗ بِالْخَيْرِ ۭ وَكَانَ الْاِنْسَانُ عَجُوْلًا ﴿١١﴾

11	जल्द बाज़	इन्सान	और है	भलाई की	उस की दुआ	बुराई की	इन्सान	और दुआ करता है

وَجَعَلْنَا الَّيْلَ وَالنَّهَارَ اٰيَتَيْنِ فَمَحَوْنَآ اٰيَةَ الَّيْلِ وَجَعَلْنَآ اٰيَةَ النَّهَارِ

दिन की निशानी	और हम ने बनाया	रात की निशानी	फिर हम ने मिटा दिया	दो निशानियां	और दिन	रात	और हम ने बनाया

مُبْصِرَةً لِّتَبْتَغُوْا فَضْلًا مِّنْ رَّبِّكُمْ وَلِتَعْلَمُوْا عَدَدَ السِّنِيْنَ

बरस (जमा)	गिनती	और ताकि तुम मालूम करो	अपने रब से (का)	फ़ज़्ल	ताकि तुम तलाश करो	दिखाने वाली

وَالْحِسَابَ ۭ وَكُلَّ شَيْءٍ فَصَّلْنٰهُ تَفْصِيْلًا ﴿١٢﴾ وَكُلَّ اِنْسَانٍ اَلْزَمْنٰهُ

उसको लगा दी (लटका दी)	और हर इन्सान	12	तफ़्सील के साथ	हम ने बयान किया है	और हर चीज़	और हिसाब

طٰۗىِٕرَهٗ فِيْ عُنُقِهٖ ۭ وَنُخْرِجُ لَهٗ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ كِتٰبًا يَّلْقٰىهُ مَنْشُوْرًا ﴿١٣﴾

13	खुला हुआ	और उसे पाएगा	एक किताब	रोज़े क़ियामत	उस के लिए	और हम निकालेंगे	उसकी गर्दन में	इस की क़िस्मत

اِقْرَاْ كِتٰبَكَ ۭ كَفٰى بِنَفْسِكَ الْيَوْمَ عَلَيْكَ حَسِيْبًا ﴿١٤﴾ مَنِ اهْتَدٰى فَاِنَّمَا

तो सिर्फ़	हिदायत पाई	जिस	14	हिसाब लेने वाला	अपने ऊपर	आज	तू ख़ुद	काफ़ी है	अपना किताब (नामा-ए-आमाल)	पढ़ ले

يَهْتَدِيْ لِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ ضَلَّ فَاِنَّمَا يَضِلُّ عَلَيْهَا ۭ وَلَا تَزِرُ وَازِرَةٌ

कोई उठाने वाला	और बोझ नहीं उठाता	अपने ऊपर (अपने बुरे को)	गुमराह हुआ	तो सिर्फ़	गुमराह हुआ	और जो	अपने लिए	उस ने हिदायत पाई

وِّزْرَ اُخْرٰى ۭ وَمَا كُنَّا مُعَذِّبِيْنَ حَتّٰى نَبْعَثَ رَسُوْلًا ﴿١٥﴾ وَاِذَآ اَرَدْنَآ

हम ने चाहा	और जब	15	कोई रसूल	हम (न) भेजे	जब तक	अ़ज़ाब देने वाले	और हम नहीं	दूसरे का बोझ

اَنْ نُّهْلِكَ قَرْيَةً اَمَرْنَا مُتْرَفِيْهَا فَفَسَقُوْا فِيْهَا فَحَقَّ عَلَيْهَا

उन पर	फिर पूरी हो गई	उस में	तो उन्हों ने नाफ़रमानी की	इस के ख़ुश हाल लोग	हम ने हुक्म भेजा	कोई बस्ती	कि हम हलाक करें

الْقَوْلُ فَدَمَّرْنٰهَا تَدْمِيْرًا ﴿١٦﴾ وَكَمْ اَهْلَكْنَا مِنَ الْقُرُوْنِ مِنْۢ بَعْدِ

बाद	बस्तियां	से	हम ने हलाक कर दीं	और कितनी	16	पूरी तरह हलाक	फिर हम ने उन्हें हलाक किया	बात

نُوْحٍ ۭ وَكَفٰى بِرَبِّكَ بِذُنُوْبِ عِبَادِهٖ خَبِيْرًۢا بَصِيْرًا ﴿١٧﴾

17	देखने वाला	ख़बर रखने वाला	अपने बन्दे	गुनाहों को	तेरा रब	और काफ़ी	नूह (अ)

उम्मीद है (बईद नहीं) कि तुम्हारा रब तुम पर रहम करे और अगर तुम फिर वही करोगे तो हम (भी) वही करेंगे और हम ने जहन्नम काफ़िरों के लिए क़ैद ख़ाना बनाया है। (8)
बेशक यह क़ुरआन उस राह की रहनुमाई करता है जो सब से सीधी है। और उन मोमिनों को बशारत देता है जो अच्छे अ़मल करते हैं कि उन के लिए बड़ा अजर है। (9)
और यह कि जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं लाते, हम ने उन के लिए तैयार किया है अ़ज़ाब दर्दनाक। (10)
और इन्सान बुराई की दुआ करता है, जैसे वह भलाई की दुआ करता है, और इन्सान जल्द बाज़ है। (11)
और हम ने रात और दिन को दो निशानियां बनाया, फिर हम ने रात की निशानी को मिटा दिया (मान्द कर दिया) और हम ने दिन की निशानी को दिखाने वाली बनाया ताकि तुम अपने रब का फ़ज़्ल (रोज़ी) तलाश करो, और ताकि बरसों की गिनती और हिसाब मालूम करो और हर चीज़ को हम ने उसे तफ़्सील के साथ बयान कर दिया है। (12)
और हम ने हर इन्सान की क़िस्मत उस की गर्दन में लटका दी, और हम उस के लिए निकालेंगे रोज़े क़ियामत एक किताब, वह उसे खुला हुआ पाएगा। (13)
अपना नामा-ए-आमाल पढ़ ले, आज तू ख़ुद अपने ऊपर काफ़ी है हिसाब लेने वाला (मोहतसिब)। (14)
जिस ने हिदायत पाई उस ने सिर्फ़ अपने लिए हिदायत पाई, और जो कोई गुमराह हुआ तो वह गुमराह हुआ सिर्फ़ अपने बुरे को, और कोई बोझ उठाने वाला किसी दूसरे का बोझ नहीं उठाता, और जब तक हम कोई रसूल न भेजें हम अ़ज़ाब देने वाले नहीं। (15)
और जब हम ने किसी बस्ती को हलाक करना चाहा तो हम ने उस के ख़ुश हाल लोगों को हुक्म भेजा तो उन्हों ने उस में नाफ़रमानी की फिर उन पर पूरी हो गई बात (हुक्म साबित हो गया) फिर हम ने उन्हें बुरी तरह हलाक कर दिया। (16)
और हम ने नूह (अ) के बाद कितनी ही बस्तियां हलाक कर दीं और तेरा रब काफ़ी है अपने बन्दो के गुनाहों की ख़बर रखने वाला देखने वाला। (17)

مَنْ كَانَ يُرِيْدُ الْعَاجِلَةَ عَجَّلْنَا لَهٗ فِيْهَا مَا نَشَآءُ لِمَنْ نُّرِيْدُ ثُمَّ جَعَلْنَا

हम ने बना दिया है	फिर	हम चाहें	जिस को	जितना हम चाहें	उस को इस (दुनिया) में	हम जल्दी दे देंगे	जल्दी	चाहता है	जो कोई

لَهٗ جَهَنَّمَ ۚ يَصْلٰىهَا مَذْمُوْمًا مَّدْحُوْرًا ﴿١٨﴾ وَمَنْ اَرَادَ الْاٰخِرَةَ وَسَعٰى لَهَا

उस के लिए	और कोशिश की उस ने	आख़िरत	चाहे	जो और	18	दूर किया हुआ (धकेला हुआ)	मज़म्मत किया हुआ	वह दाख़िल होगा इस में	जहन्नम	उस के लिए

سَعْيَهَا وَهُوَ مُؤْمِنٌ فَاُولٰٓئِكَ كَانَ سَعْيُهُمْ مَّشْكُوْرًا ﴿١٩﴾ كُلًّا نُّمِدُّ هٰٓؤُلَآءِ

इन को भी	हम देते हैं	हर एक	19	क़द्र की हुई (मक़बूल)	उन की कोशिश	है - हुई	पस यही लोग	और (बशर्त यह कि) हो वह मोमिन	उस की सी कोशिश

وَهٰٓؤُلَآءِ مِنْ عَطَآءِ رَبِّكَ ؕ وَمَا كَانَ عَطَآءُ رَبِّكَ مَحْظُوْرًا ﴿٢٠﴾ اُنْظُرْ كَيْفَ

किस तरह	देखो	20	रोकी जाने वाली	तेरा रब	बख़्शिश	और नहीं है	तेरा रब	बख़्शिश	से	और उन को भी

فَضَّلْنَا بَعْضَهُمْ عَلٰى بَعْضٍ ؕ وَلَلْاٰخِرَةُ اَكْبَرُ دَرَجٰتٍ وَّاَكْبَرُ تَفْضِيْلًا ﴿٢١﴾

21	फ़ज़ीलत में	और सब से बरतर	सब से बड़े दरजे	और अलबत्ता आख़िरत	बाज़ (दूसरा)	पर	उन के बाज़ (एक)	हम ने फ़ज़ीलत दी

ع ١٢/٢ ٢ لَا تَجْعَلْ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ فَتَقْعُدَ مَذْمُوْمًا مَّخْذُوْلًا ﴿٢٢﴾ ع وَقَضٰى رَبُّكَ

तेरा रब	और हुक्म फ़रमा दिया	22	बेबस हो कर	मज़म्मत किया हुआ	पस तू बैठ रहेगा	कोई दूसरा माबूद	अल्लाह के साथ	तू न ठहरा

اَلَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّآ اِيَّاهُ وَبِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا ؕ اِمَّا يَبْلُغَنَّ عِنْدَكَ الْكِبَرَ

बुढ़ापा	तेरे सामने	अगर वह पहुँच जाएं	हुस्ने सुलूक	और माँ बाप से	उस के सिवा	कि न इबादत करो

اَحَدُهُمَآ اَوْ كِلٰهُمَا فَلَا تَقُلْ لَّهُمَآ اُفٍّ وَّلَا تَنْهَرْهُمَا وَقُلْ لَّهُمَا قَوْلًا

बात	उन दोनों से	और कहो	और न झिड़को उन्हें	उफ़	उन्हें	तो न कह	वह दोनों	या	उन में से एक

كَرِيْمًا ﴿٢٣﴾ وَاخْفِضْ لَهُمَا جَنَاحَ الذُّلِّ مِنَ الرَّحْمَةِ وَقُلْ رَّبِّ ارْحَمْهُمَا

उन दोनों पर रहम फ़रमा	ऐ मेरे रब	और कहो	मेहरबानी	से	आजिज़ी	बाज़ू	उन दोनों के लिए	और झुका दे	23	अदब के साथ

كَمَا رَبَّيٰنِيْ صَغِيْرًا ﴿٢٤﴾ رَبُّكُمْ اَعْلَمُ بِمَا فِيْ نُفُوْسِكُمْ ؕ اِنْ تَكُوْنُوْا صٰلِحِيْنَ

नेक (जमा)	तुम होगे	अगर	तुम्हारे दिलों में	जो	खूब जानता है	तुम्हारा रब	24	बचपन	उन्हों ने मेरी पर्वरिश की	जैसे

فَاِنَّهٗ كَانَ لِلْاَوَّابِيْنَ غَفُوْرًا ﴿٢٥﴾ وَاٰتِ ذَا الْقُرْبٰى حَقَّهٗ وَالْمِسْكِيْنَ

और मिस्कीन	उस का हक़	क़राबतदार	और दो तुम	25	बख़्शने वाला	रुजूअ करने वालों के लिए	है	तो बेशक वह

وَابْنَ السَّبِيْلِ وَلَا تُبَذِّرْ تَبْذِيْرًا ﴿٢٦﴾ اِنَّ الْمُبَذِّرِيْنَ كَانُوْٓا اِخْوَانَ

भाई (जमा)	हैं	फ़ुज़ूल ख़र्च (जमा)	बेशक	26	अन्धा धुन्द	और न फ़ुज़ूल ख़र्ची करो	और मुसाफ़िर

الشَّيٰطِيْنِ ؕ وَكَانَ الشَّيْطٰنُ لِرَبِّهٖ كَفُوْرًا ﴿٢٧﴾ وَاِمَّا تُعْرِضَنَّ عَنْهُمُ ابْتِغَآءَ

इन्तिज़ार में	उन से	तू मुँह फेर ले	और अगर	27	नाशुक्रा	अपने रब का	शैतान	और है	शैतान (जमा)

رَحْمَةٍ مِّنْ رَّبِّكَ تَرْجُوْهَا فَقُلْ لَّهُمْ قَوْلًا مَّيْسُوْرًا ﴿٢٨﴾ وَلَا تَجْعَلْ يَدَكَ

अपना हाथ	और न रख	28	नर्मी की बात	उन से	तो कह	तू उस की उम्मीद रखता है	अपना रब	से	रहमत

مَغْلُوْلَةً اِلٰى عُنُقِكَ وَلَا تَبْسُطْهَا كُلَّ الْبَسْطِ فَتَقْعُدَ مَلُوْمًا مَّحْسُوْرًا ﴿٢٩﴾

29	थका हुआ	मलामत ज़दा	फिर तू बैठा रह जाए	पूरी तरह खोलना	और न उसे खोल	अपनी गर्दन	तक - से	बन्धा हुआ

जो कोई जल्दी (दुनिया में) चाहता है, हम उस को जितना चाहे जल्दी (दुनिया में) दे देंगे, फिर हम ने उस के लिए जहन्नम बना दिया है, वह उस में दाख़िल होगा मज़म्मत किया हुआ धकेला हुआ। (18)
और जो कोई आख़िरत चाहे और उस के लिए उस की सी कोशिश करे, बशर्त यह कि वह मोमिन हो, पस यही लोग हैं जिन की कोशिश मक़्बूल हुई। (19)
हम तेरे रब की बख़्शिश से उन को भी और उन को भी हर एक को देते हैं और तेरे रब की बख़्शिश (किसी पर) रोकी जाने वाली नहीं। (20)
देखो! हम ने किस तरह उन के एक को दूसरे पर फ़ज़ीलत दी और अलबत्ता आख़िरत के दरजे सब से बड़े, और फ़ज़ीलत में सब से बरतर हैं। (21)
अल्लाह के साथ कोई दूसरा माबूद न ठहरा पस तू बैठ रहेगा मज़म्मत किया हुआ, बेबस हो कर। (22)
और तेरे रब ने हुक्म फ़रमा दिया कि उस के सिवा किसी और की इबादत न करो, और माँ बाप से हुस्ने सुलूक करो, और उन में से एक या वह दोनों तेरे सामने बुढ़ापे को पहुँच जाएं तो उन्हें न कहो उफ़ (भी) और उन्हें न झिड़को, और उन दोनों से अदब के साथ बात कहो (करो)। (23)
और उन के लिए आजिज़ी के (साथ) बाज़ू झुका दो मेहरबानी से, और कहो ऐ मेरे रब! उन दोनों पर रहम फ़रमा जैसे उन्हों ने बचपन में मेरी पर्वरिश की। (24)
तुम्हारा रब खूब जानता है जो तुम्हारे दिलों में है, अगर तुम नेक होगे तो बेशक वह रुजूअ करने वालों को बख़्शने वाला है। (25)
और दो तुम क़राबतदार को उस का हक़, और मिस्कीन और मुसाफ़िर को, और अन्धा धुन्द फ़ुज़ूल ख़र्ची न करो। (26)
बेशक फ़ुज़ूल ख़र्च शैतानों के भाई हैं और शैतान अपने रब का नाशुक्रा है। (27)
और अगर तू अपने रब की रहमत (फ़राख़ दस्ती) के इन्तिज़ार में, जिस की तू उम्मीद रखता है, उन से मुँह फेर ले तो उन से तू कह दिया कर नर्मी की बात। (28)
और अपना हाथ अपनी गर्दन तक बन्धा हुआ न रख (कन्जूस न हो जा) और न उसे खोल पूरी तरह (बिलकुल ही) कि फिर तू मलामत ज़दा थका हारा बैठा रह जाए। (29)

اِنَّ رَبَّكَ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيَقْدِرُ ۭ اِنَّهٗ كَانَ بِعِبَادِهٖ

अपने बन्दों से	है	बेशक वह	और तंग कर देता है	जिस की वह चाहता है	रोज़ी	फ़राख़ कर देता है	तेरा रब	बेशक

خَبِيْرًۢا بَصِيْرًا ۝ۧ ٣٠ وَلَا تَقْتُلُوْٓا اَوْلَادَكُمْ خَشْيَةَ اِمْلَاقٍ ۭ نَحْنُ نَرْزُقُهُمْ ٣ ع ٨ ٣

हम रिज़्क़ देते हैं उन्हें	हम	मुफ़लिसी	डर	अपनी औलाद	और न क़त्ल करो	30	देखने वाला	ख़बर रखने वाला

وَاِيَّاكُمْ ۭ اِنَّ قَتْلَهُمْ كَانَ خِطْاً كَبِيْرًا ۝ ٣١ وَلَا تَقْرَبُوا الزِّنٰٓى اِنَّهٗ كَانَ

है	बेशक यह	ज़िना	और न क़रीब जाओ	31	गुनाह बड़ा	है	उन का क़त्ल	बेशक	और तुम को

فَاحِشَةً ۭ وَسَآءَ سَبِيْلًا ۝ ٣٢ وَلَا تَقْتُلُوا النَّفْسَ الَّتِىْ حَرَّمَ اللّٰهُ اِلَّا

मगर	अल्लाह ने हराम किया	वह जो कि	जान	और न क़त्ल करो	32	रास्ता	और बुरा	बेहयाई

بِالْحَقِّ ۭ وَمَنْ قُتِلَ مَظْلُوْمًا فَقَدْ جَعَلْنَا لِوَلِيِّهٖ سُلْطٰنًا فَلَا يُسْرِفْ

पस वह हद से न बढ़े	एक इख़्तियार	इस के वारिस के लिए	तो तहक़ीक़ हम ने कर दिया	मज़लूम	मारा गया	और जो	हक़ के साथ

فِّى الْقَتْلِ ۭ اِنَّهٗ كَانَ مَنْصُوْرًا ۝ ٣٣ وَلَا تَقْرَبُوْا مَالَ الْيَتِيْمِ اِلَّا بِالَّتِىْ

इस तरीक़े से	मगर	यतीम का माल	और पास न जाओ	33	मदद दिया गया	है	बेशक वह	क़त्ल में

هِىَ اَحْسَنُ حَتّٰى يَبْلُغَ اَشُدَّهٗ ۠ وَاَوْفُوْا بِالْعَهْدِ ۚ اِنَّ الْعَهْدَ كَانَ

है	अहद	बेशक	अहद को	और पूरा करो	अपनी जवानी	वह पहुँच जाए	यहां तक कि	सब से बेहतर	वह

مَسْئُوْلًا ۝ ٣٤ وَاَوْفُوا الْكَيْلَ اِذَا كِلْتُمْ وَزِنُوْا بِالْقِسْطَاسِ الْمُسْتَقِيْمِ ۭ

सीधी	तराज़ू के साथ	और वज़न करो	जब तुम माप कर दो	पैमाना	और पूरा करो	34	पुर्सिश किया जाने वाला

ذٰلِكَ خَيْرٌ وَّاَحْسَنُ تَاْوِيْلًا ۝ ٣٥ وَلَا تَقْفُ مَا لَيْسَ لَكَ بِهٖ عِلْمٌ ۭ اِنَّ

बेशक	इल्म	उस का	तेरे लिए- तुझे	जिस का नहीं	और पीछे न पड़ तू	35	अन्जाम के ऐतिबार से	और सब से अच्छा	बेहतर	यह

السَّمْعَ وَالْبَصَرَ وَالْفُؤَادَ كُلُّ اُولٰۗىِٕكَ كَانَ عَنْهُ مَسْـُٔوْلًا ۝ ٣٦

36	पुर्सिश किया जाने वाला	इस से	है	यह	हर एक	और दिल	और आँख	कान

وَلَا تَمْشِ فِى الْاَرْضِ مَرَحًا ۚ اِنَّكَ لَنْ تَخْرِقَ الْاَرْضَ وَلَنْ تَبْلُغَ الْجِبَالَ

पहाड़	और हरगिज़ न पहुँचेगा	ज़मीन	हरगिज़ न चीर डालेगा	बेशक तू	अकड़ कर (इतराता हुआ)	ज़मीन में	और न चल

طُوْلًا ۝ ٣٧ كُلُّ ذٰلِكَ كَانَ سَيِّئُهٗ عِنْدَ رَبِّكَ مَكْرُوْهًا ۝ ٣٨ ذٰلِكَ مِمَّآ

उस से जो	यह	38	नापसन्दीदा	तेरा रब	नज़्दीक	उस की बुराई	है	यह	तमाम	37	बुलन्दी

اَوْحٰٓى اِلَيْكَ رَبُّكَ مِنَ الْحِكْمَةِ ۭ وَلَا تَجْعَلْ مَعَ اللّٰهِ اِلٰـهًا اٰخَرَ

कोई और	माबूद	अल्लाह के साथ	बना	और न	हिक्मत से	तेरा रब	तेरी तरफ़	वहि की

فَتُلْقٰى فِيْ جَهَنَّمَ مَلُوْمًا مَّدْحُوْرًا ۝ ٣٩ اَفَاَصْفٰىكُمْ رَبُّكُمْ بِالْبَنِيْنَ

बेटों के लिए	तुम्हारा रब	क्या तुम्हें चुन लिया	39	धकेला हुआ	मलामत ज़दा	जहन्नम में	फिर तू डाल दिया जाए

وَاتَّخَذَ مِنَ الْمَلٰۗىِٕكَةِ اِنَاثًا ۭ اِنَّكُمْ لَتَقُوْلُوْنَ قَوْلًا عَظِيْمًا ۝ۧ ٤٠ ٤ ع ١٠ ٤

40	बड़ा बोल	अलबत्ता कहते हो (बोलते हो)	बेशक तुम	बेटियां	फ़रिश्ते	से - को	और बना लिया

बेशक तेरा रब जिस का वह चाहता है रिज़्क़ फ़राख़ कर देता है और (जिस का चाहता है) तंग कर देता है, बेशक वह अपने बन्दों की ख़बर रखने वाला, देखने वाला है। (30)
और तुम अपनी औलाद को मुफ़लिसी के डर से क़त्ल न करो, हम ही उन्हें रिज़्क़ देते हैं और तुम को (भी), बेशक उन का क़त्ल बड़ा गुनाह है। (31)
और ज़िना के क़रीब न जाओ, बेशक यह बेहयाई है और बुरा रास्ता। (32)
और उस जान को क़त्ल न करो जिसे (क़त्ल करना) अल्लाह ने हराम किया है मगर हक़ के साथ, और जो मज़लूम मारा गया तो तहक़ीक़ हम ने उस के वारिस के लिए एक इख़्तियार (क़िसास) दिया है, पस हद से न बढ़े क़त्ल में, बेशक वह मदद दिया गया है। (33)
और यतीम के माल के पास न जाओ (तसर्रुफ़) न करो) मगर इस तरीक़े से जो सब से बेहतर हो, यहां तक कि वह (यतीम) अपनी जवानी को पहुँच जाए। और अ़हद को पूरा करो, बेशक अ़हद है पुर्सिश किया जाने वाला (ज़रूर पुर्सिश होगी)। (34)
और जब तुम माप कर दो तो पैमाना पूरा करो, और वज़न करो सीधी तराज़ू के साथ, यह बेहतर है और सब से अच्छा है अन्जाम के ऐतिबार से। (35)
और उस के पीछे न पड़ जिस का तुझे इल्म नहीं, बेशक कान, और आँख, और दिल, उन में से हर एक पुर्सिश किया जाने वाला है (हर एक की पुर्सिश होगी)। (36)
और ज़मीन में इतराता हुआ न चल, बेशक तू ज़मीन को हरगिज़ न चीर डालेगा, और न पहाड़ की बुलन्दी को पहुँचेगा। (37)
यह तमाम बुराइयां तेरे रब के नज़्दीक नापसन्दीदा हैं। (38)
यह हिक्मत की (उन बातों) में से है जो तेरे रब ने तेरी तरफ़ वहि की है, और न बना अल्लाह के साथ कोई और माबूद कि फिर तु जहन्नम में डाल दिया जाए मलामत ज़दा, धकेला हुआ (रान्दा-ए-दरगाह)। (39)
क्या तुम्हें चुन लिया तुम्हारे रब ने बेटों के लिए? और अपने लिए फ़रिश्तों को बेटियां बना लिया, बेशक तुम बड़ा बोल बोलते हो। (40)

وَلَقَدۡ صَرَّفۡنَا فِىۡ هٰذَا الۡقُرۡاٰنِ لِيَذَّكَّرُوۡا ؕ وَمَا يَزِيۡدُهُمۡ اِلَّا نُفُوۡرًا ﴿۴۱﴾ قُلۡ

कह दें आप (स)	41	नफ़्रत	मगर	बढ़ती उन को	और नहीं	ताकि वह नसीहत पकड़ें	इस क़ुरआन	में	और अलबत्ता हम ने तरह तरह से बयान किया

لَوۡ كَانَ مَعَهٗۤ اٰلِهَةٌ كَمَا يَقُوۡلُوۡنَ اِذًا لَّابۡتَغَوۡا اِلٰى ذِى الۡعَرۡشِ سَبِيۡلًا ﴿۴۲﴾

42	कोई रास्ता	अर्श वाले	तरफ़	वह ज़रूर ढून्डते	उस सूरत में	वह कहते हैं	जैसे	और माबूद	उस के साथ	अगर होते

سُبۡحٰنَهٗ وَتَعٰلٰى عَمَّا يَقُوۡلُوۡنَ عُلُوًّا كَبِيۡرًا ﴿۴۳﴾ تُسَبِّحُ لَهُ السَّمٰوٰتُ السَّبۡعُ

सात (7)	आस्मान (जमा)	उस की	पाकीज़गी बयान करते हैं	43	बहुत बड़ा (बेनिहायत)	बरतर	वह कहते हैं	उस से जो	और बरतर	वह पाक है

وَالۡاَرۡضُ وَمَنۡ فِيۡهِنَّ ؕ وَاِنۡ مِّنۡ شَىۡءٍ اِلَّا يُسَبِّحُ بِحَمۡدِهٖ وَلٰـكِنۡ

और लेकिन	उस की हम्द के साथ	पाकीज़गी बयान करती है	मगर	कोई चीज़	और नहीं	उन में	और जो	और ज़मीन

لَّا تَفۡقَهُوۡنَ تَسۡبِيۡحَهُمۡ ؕ اِنَّهٗ كَانَ حَلِيۡمًا غَفُوۡرًا ﴿۴۴﴾ وَاِذَا قَرَاۡتَ الۡقُرۡاٰنَ

क़ुरआन	तुम पढ़ते हो	और जब	44	बख़्शने वाला	बुर्दबार	है	बेशक वह	उन की तस्बीह	तुम नहीं समझते

جَعَلۡنَا بَيۡنَكَ وَبَيۡنَ الَّذِيۡنَ لَا يُؤۡمِنُوۡنَ بِالۡاٰخِرَةِ حِجَابًا مَّسۡتُوۡرًا ۙ ﴿۴۵﴾

45	छुपा हुआ	एक पर्दा	आख़िरत पर	ईमान नहीं लाते	वह लोग जो	और दरमियान	तुम्हारे दरमियान	हम कर देते हैं

وَّجَعَلۡنَا عَلٰى قُلُوۡبِهِمۡ اَكِنَّةً اَنۡ يَّفۡقَهُوۡهُ وَفِىۡۤ اٰذَانِهِمۡ وَقۡرًا ؕ وَاِذَا

और जब	गिरानी	उन के कान	और में	वह न समझें उसे	कि	पर्दे	उन के दिल	पर	और हम ने डाल दिए

ذَكَرۡتَ رَبَّكَ فِى الۡقُرۡاٰنِ وَحۡدَهٗ وَلَّوۡا عَلٰٓى اَدۡبَارِهِمۡ نُفُوۡرًا ﴿۴۶﴾ نَحۡنُ

हम	46	नफ़्रत करते हुए	अपनी पीठ (जमा)	पर	वह भागते हैं	यकता	क़ुरआन में	अपना रब	तुम ज़िक्र करते हो

اَعۡلَمُ بِمَا يَسۡتَمِعُوۡنَ بِهٖۤ اِذۡ يَسۡتَمِعُوۡنَ اِلَيۡكَ وَاِذۡ هُمۡ نَجۡوٰٓى اِذۡ يَقُوۡلُ

जब कहते हैं	सरगोशी करते हैं	वह	और जब	तेरी तरफ़	जब वह कान लगाते हैं	उस को	वह सुनते हैं	जिस ग़र्ज़ से	ख़ूब जानते हैं

الظّٰلِمُوۡنَ اِنۡ تَتَّبِعُوۡنَ اِلَّا رَجُلًا مَّسۡحُوۡرًا ﴿۴۷﴾ اُنۡظُرۡ كَيۡفَ ضَرَبُوۡا

कैसी उन्हों ने चस्पां कीं	तुम देखो	47	सिहरज़दा	एक आदमी	मगर	तुम पैरवी करते	नहीं	ज़ालिम (जमा)

لَكَ الۡاَمۡثَالَ فَضَلُّوۡا فَلَا يَسۡتَطِيۡعُوۡنَ سَبِيۡلًا ﴿۴۸﴾ وَقَالُوۡۤا ءَاِذَا كُنَّا الربع

हम हो गए	क्या - जब	और वह कहते हैं	48	(सीधी) राह	पस वह इस्तिताअ़त नहीं पाते	सो वह गुमराह हो गए	मिसालें	तुम्हारे लिए

عِظَامًا وَّرُفَاتًا ءَاِنَّا لَمَبۡعُوۡثُوۡنَ خَلۡقًا جَدِيۡدًا ﴿۴۹﴾ قُلۡ كُوۡنُوۡا حِجَارَةً

पत्थर	तुम हो जाओ	कह दें	49	नई	पैदाइश	फिर जी उठेंगे	क्या हम यक़ीनन	और रेज़ा रेज़ा	हड्डियां

اَوۡ حَدِيۡدًا ۙ ﴿۵۰﴾ اَوۡ خَلۡقًا مِّمَّا يَكۡبُرُ فِىۡ صُدُوۡرِكُمۡ ۚ فَسَيَقُوۡلُوۡنَ مَنۡ

कौन	फिर अब कहेंगे	तुम्हारे सीने (ख़याल)	में	बड़ी हो	उस से जो	और मख़्लूक़	या	50	लोहा	या

يُّعِيۡدُنَا ؕ قُلِ الَّذِىۡ فَطَرَكُمۡ اَوَّلَ مَرَّةٍ ۚ فَسَيُنۡغِضُوۡنَ اِلَيۡكَ

तुम्हारी तरफ़	तो वह हिलाएंगे (मटकाएंगे)	बार	पहली	तुम्हें पैदा किया	वह जिस ने	फ़रमा दें	हमे लौटाएगा

رُءُوۡسَهُمۡ وَيَقُوۡلُوۡنَ مَتٰى هُوَ ؕ قُلۡ عَسٰٓى اَنۡ يَّكُوۡنَ قَرِيۡبًا ﴿۵۱﴾

51	क़रीब	वह हो	कि	शायद	आप (स) फ़रमा दें	वह - यह	कब	और कहेंगे	अपने सर

और हम ने इस क़ुरआन में तरह तरह से बयान किया है ताकि वह नसीहत पकड़ें, और (इस से) उन्हें नहीं बढ़ती मगर नफ़्रत। (41)
आप (स) कह दें, अगर जैसे वह कहते हैं उस के साथ और माबूद होते तो उस सूरत में वह अ़र्श वाले की तरफ़ ज़रूर ढून्डते कोई रास्ता। (42)
वह उस से निहायत पाक है और बरतर जो वह कहते हैं। (43)
उस की पाकीज़गी बयान करते हैं सातों आस्मान और ज़मीन, और जो उन में है, कोई चीज़ नहीं मगर (हर शै) पाकीज़गी बयान करती है उस की हम्द के साथ, लेकिन तुम उन की तस्बीह नहीं समझते, बेशक वह बुर्दबार, बख़्शने वाला है। (44)
और जब तुम क़ुरआन पढ़ते हो, हम तुम्हारे और उन के दरमियान जो आख़िरत पर ईमान नहीं लाते कर देते (डाल देते) हैं एक छुपा हुआ (दबीज़) पर्दा। (45)
और हम ने उन के दिलों पर पर्दे डाल दिए के वह इसे न समझें, और उन के कानों में गिरानी है और जब तुम क़ुरआन में अपने यकता रब का ज़िक्र करते हो तो वह पीठ फेर कर नफ़्रत करते हुए भाग जाते हैं। (46)
हम ख़ूब जानते हैं कि वह उस को किस ग़र्ज़ से सुनते हैं जब वह तुम्हारी तरफ़ कान लगाते हैं और जब वह सरगोशी करते हैं (यानी) जब कहते हैं ज़ालिम कि तुम पैरवी नहीं करते मगर एक सिहरज़दा आदमी की। (47)
तुम देखो! उन्हों ने तुम पर कैसी मिसालें चस्पां कीं, सो वह गुमराह हुए, पस वह (सीधे) रास्ते की इस्तिताअ़त नहीं पाते। (48)
और वह कहते हैं कि क्या जब हम हड्डियां और रेज़ा रेज़ा हो गए, क्या हम यक़ीनन फिर नई पैदाइश (अज़ सर नौ) जी उठेंगे? (49)
कह दें तुम पत्थर या लोहा हो जाओ, (50)
या कोई और मख़्लूक़ जो तुम्हारे ख़यालों में उस से भी बड़ी हो।
फिर अब कहेंगे हमें कौन लौटाएगा। आप (स) फ़रमा दें, वह जिस ने तुम्हें पैदा किया पहली बार, तो वह तुम्हारी तरफ़ अपने सर मटकाएंगे और कहेंगे यह कब होगा (क़ियामत कब आएगी)? आप (स) फ़रमा दें, शायद कि क़रीब ही हो। (51)

يَوْمَ يَدْعُوْكُمْ فَتَسْتَجِيْبُوْنَ بِحَمْدِهٖ وَتَظُنُّوْنَ اِنْ لَّبِثْتُمْ اِلَّا

सिर्फ़	तुम रहे	कि	और तुम ख़याल करोगे	उस की तारीफ़ के साथ	तो तुम जवाब दोगे (तामील करोगे)	वह पुकारेगा तुम्हें	जिस दिन

ع ١٢ ٥ قَلِيْلًا ﴿٥٢﴾ وَقُلْ لِّعِبَادِيْ يَقُوْلُوا الَّتِيْ هِيَ اَحْسَنُ ؕ اِنَّ الشَّيْطٰنَ يَنْزَغُ

फ़साद डालता है	शैतान	बेशक	सब से अच्छी	वह	वह जो	वह कहें	मेरे बन्दों को	और फ़रमा दें	52	थोड़ी देर

بَيْنَهُمْ ؕ اِنَّ الشَّيْطٰنَ كَانَ لِلْاِنْسَانِ عَدُوًّا مُّبِيْنًا ﴿٥٣﴾ رَبُّكُمْ اَعْلَمُ بِكُمْ ؕ

तुम्हें	ख़ूब जानता है	तुम्हारा रब	53	खुला	दुश्मन	इन्सान का	है	शैतान	बेशक	उन के दरमियान

اِنْ يَّشَاْ يَرْحَمْكُمْ اَوْ اِنْ يَّشَاْ يُعَذِّبْكُمْ ؕ وَمَآ اَرْسَلْنٰكَ عَلَيْهِمْ وَكِيْلًا ﴿٥٤﴾

54	दारोग़ा	उन पर	हम ने तुम्हें भेजा	और नहीं	तुम्हें अ़ज़ाब दे	वह चाहे	अगर	या	तुम पर रह्म करे वह	वह चाहे	अगर

وَرَبُّكَ اَعْلَمُ بِمَنْ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَلَقَدْ فَضَّلْنَا بَعْضَ

बाज़	और तहक़ीक़ हम ने फ़ज़ीलत दी	और ज़मीन	आस्मान (जमा)	में	जो कोई	ख़ूब जानता है	और तुम्हारा रब

النَّبِيّٖنَ عَلٰى بَعْضٍ وَّاٰتَيْنَا دَاوٗدَ زَبُوْرًا ﴿٥٥﴾ قُلِ ادْعُوا الَّذِيْنَ زَعَمْتُمْ

तुम गुमान करते हो	वह जिन को	पुकारो तुम	कह दें	55	ज़बूर	दाऊद (अ)	और हम ने दी	बाज़ पर	नबी (जमा)

مِّنْ دُوْنِهٖ فَلَا يَمْلِكُوْنَ كَشْفَ الضُّرِّ عَنْكُمْ وَلَا تَحْوِيْلًا ﴿٥٦﴾ اُولٰٓئِكَ

वह लोग	56	बदलना	और न	तुम से	तक्लीफ़	दूर करना	पस वह इख़्तियार नहीं रखते	उस के सिवा

الَّذِيْنَ يَدْعُوْنَ يَبْتَغُوْنَ اِلٰى رَبِّهِمُ الْوَسِيْلَةَ اَيُّهُمْ اَقْرَبُ وَيَرْجُوْنَ

और वह उम्मीद रखते हैं	ज़ियादा क़रीब	उन से कौन	वसीला	अपना रब	तरफ़	ढून्डते हैं	वह पुकारते हैं	जिन्हें

رَحْمَتَهٗ وَيَخَافُوْنَ عَذَابَهٗ ؕ اِنَّ عَذَابَ رَبِّكَ كَانَ مَحْذُوْرًا ﴿٥٧﴾ وَاِنْ

और नहीं	57	डर की बात	है	तेरा रब	अ़ज़ाब	बेशक	उस का अ़ज़ाब	और वह डरते हैं	उस की रहमत

مِّنْ قَرْيَةٍ اِلَّا نَحْنُ مُهْلِكُوْهَا قَبْلَ يَوْمِ الْقِيٰمَةِ اَوْ مُعَذِّبُوْهَا عَذَابًا

अ़ज़ाब	उसे अ़ज़ाब देने वाले	या	क़ियामत का दिन	पहले	उसे हलाक करने वाले	हम	मगर	कोई बस्ती

شَدِيْدًا ؕ كَانَ ذٰلِكَ فِي الْكِتٰبِ مَسْطُوْرًا ﴿٥٨﴾ وَمَا مَنَعَنَآ اَنْ نُّرْسِلَ

हम भेजें	कि	और नहीं हमें रोका	58	लिखा हुआ	किताब में	यह	है	सख़्त

بِالْاٰيٰتِ اِلَّآ اَنْ كَذَّبَ بِهَا الْاَوَّلُوْنَ ؕ وَاٰتَيْنَا ثَمُوْدَ النَّاقَةَ مُبْصِرَةً

दिखाने को (ज़रीआए बसीरत)	ऊँटनी	समूद	और हम ने दी	अगले लोग (जमा)	उन को	झुटलाया	यह कि	मगर	निशानियां

فَظَلَمُوْا بِهَا ؕ وَمَا نُرْسِلُ بِالْاٰيٰتِ اِلَّا تَخْوِيْفًا ﴿٥٩﴾ وَاِذْ قُلْنَا لَكَ اِنَّ رَبَّكَ

तुम्हारा रब	बेशक	तुम से	हम ने कहा	और जब	59	डराने को	मगर	निशानियां	और हम नहीं भेजते	उन्हों ने उस पर ज़ुल्म किया

اَحَاطَ بِالنَّاسِ ؕ وَمَا جَعَلْنَا الرُّءْيَا الَّتِيْٓ اَرَيْنٰكَ اِلَّا فِتْنَةً لِّلنَّاسِ وَالشَّجَرَةَ

और (थोहर का) दरख़्त	लोगों के लिए	आज़माइश	मगर	हम ने तुम्हें दिखाई	वह जो कि	तुमाइश	और हम ने नहीं किया	लोगों को	अहाता किए हुए

ع ٦ ٨ ٦ الْمَلْعُوْنَةَ فِي الْقُرْاٰنِ ؕ وَنُخَوِّفُهُمْ ۙ فَمَا يَزِيْدُهُمْ اِلَّا طُغْيَانًا كَبِيْرًا ﴿٦٠﴾

60	बड़ी	सरकशी	मगर (सिर्फ़)	तो नहीं बढ़ती उन्हें	और हम डराते हैं उन्हें	क़ुरआन में	जिस पर लानत की गई

जिस दिन वह तुम्हें पुकारेगा तो तुम उस की तारीफ़ के साथ तामील करोगे (क़ब्रों से निकल आओगे) और तुम ख़याल करोगे कि तुम (दुनिया में) रहे हो सिर्फ़ थोड़ी देर। (52)

और आप (स) मेरे बन्दों को फ़रमा दें कि (बात) वह कहें जो सब से अच्छी हो, बेशक शैतान उन के दरमियान फ़साद डाल देता है, बेशक शैतान इन्सान का खुला दुश्मन है। (53)

तुम्हारा रब तुम्हें ख़ूब जानता है, अगर वह चाहे तो तुम पर रह्म करे या अगर वह चाहे तो तुम्हें अ़ज़ाब दे, और हम ने तुम्हें उन पर दारोग़ा (बना कर) नहीं भेजा। (54)

और तुम्हारा रब ख़ूब जानता है जो कोई आस्मानों में और ज़मीन में है, और तहक़ीक़ हम ने बाज़ नबियों को बाज़ पर फ़ज़ीलत दी, और हम ने दाऊद (अ) को ज़बूर दी। (55)

आप (स) कह दें पुकारो उन्हें जिन को तुम उस के सिवा (माबूद) गुमान करते हो, पस वह इख़्तियार नहीं रखते तुम से तक्लीफ़ दूर करने का, और न (तक्लीफ़) बदलने का। (56)

वह लोग जिन्हें यह पुकारते हैं वह (ख़ुद) ढून्डते हैं अपने रब की तरफ़ वसीला कि उन में से कौन बहुत ज़ियादा क़रीब हो जाए, और उस की रहमत की उम्मीद रखते हैं, और वह उस के अ़ज़ाब से डरते हैं, बेशक तेरे रब का अ़ज़ाब डर (ही) की बात है। (57)

और कोई (नाफ़रमान) बस्ती नहीं मगर हम उसे हलाक करने वाले हैं, क़ियामत के दिन से पहले, या उसे सख़्त अ़ज़ाब देने वाले हैं, यह किताब में है लिखा हुआ। (58)

और हमें निशानियां भेजने से नहीं रोका मगर (इस बात ने) कि उन को अगलों ने झुटलाया, और हम ने समूद को ऊँटनी दी ज़री-ए-बसीरत ओ इब्रत, उन्हों ने उस पर ज़ुल्म किया, और हम निशानियां नहीं भेजते मगर (सिर्फ़) डराने को। (59)

और जब हम ने तुम से कहा कि बेशक तुम्हारा रब लोगों को (अहाता) क़ाबू किए हुए है, और हम ने जो नुमाइश तुम्हें दिखाई वह हम ने नहीं किया मगर लोगों की आज़माइश के लिए, और थोहर का दरख़्त जिस पर क़ुरआन में लानत की गई है, और हम उन्हें डराते हैं तो उन्हें बढ़ती है सिर्फ़ सरकशी। (60)

وَاِذْ قُلْنَا لِلْمَلٰٓئِكَةِ اسْجُدُوْا لِاٰدَمَ فَسَجَدُوْٓا اِلَّآ اِبْلِيْسَ ؕ قَالَ

उस ने कहा	इब्लीस	सिवाए	तो उन्हों ने सिज्दा किया	आदम (अ) को	तुम सिज्दा करो	फ़रिश्तों से	हम ने कहा	और जब

ءَاَسْجُدُ لِمَنْ خَلَقْتَ طِيْنًا ﴿٦١﴾ قَالَ اَرَءَيْتَكَ هٰذَا الَّذِىْ كَرَّمْتَ

तू ने इज़्ज़त दी	वह जिसे	यह	भला तू देख	उस ने कहा	61	मिट्टी से	तू ने पैदा किया	उस को जिसे	क्या मैं सिज्दा करूँ

عَلَىَّ ؗ لَئِنْ اَخَّرْتَنِ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ لَاَحْتَنِكَنَّ ذُرِّيَّتَهٗٓ اِلَّا

सिवाए	उस की औलाद	जड़ से उखाड़ दूँगा ज़रूर	रोज़े क़ियामत	तक	तू मुझे ढील दे	अलबत्ता अगर	मुझ पर

قَلِيْلًا ﴿٦٢﴾ قَالَ اذْهَبْ فَمَنْ تَبِعَكَ مِنْهُمْ فَاِنَّ جَهَنَّمَ جَزَآؤُكُمْ

तुम्हारी सज़ा	जहन्नम	तो बेशक	उन में से	तेरी पैरवी की	पस जिस	तू जा	उस ने फ़रमाया	62	चन्द एक

جَزَآءً مَّوْفُوْرًا ﴿٦٣﴾ وَاسْتَفْزِزْ مَنِ اسْتَطَعْتَ مِنْهُمْ بِصَوْتِكَ

अपनी आवाज़ से	उन में से	तेरा बस चले	जो - जिस	और फुसला ले	63	भरपूर	सज़ा

وَاَجْلِبْ عَلَيْهِمْ بِخَيْلِكَ وَرَجِلِكَ وَشَارِكْهُمْ فِى الْاَمْوَالِ

माल (जमा)	में	और उन से साझा कर ले	और पयादे	अपने सवार	उन पर	और चढ़ा ला

وَالْاَوْلَادِ وَعِدْهُمْ ؕ وَمَا يَعِدُهُمُ الشَّيْطٰنُ اِلَّا غُرُوْرًا ﴿٦٤﴾ اِنَّ عِبَادِىْ

मेरे बन्दे	बेशक	64	धोका	मगर (सिर्फ़)	शैतान	और नहीं उन से वादा करता	और वादे कर उन से	और औलाद

لَيْسَ لَكَ عَلَيْهِمْ سُلْطٰنٌ ؕ وَكَفٰى بِرَبِّكَ وَكِيْلًا ﴿٦٥﴾ رَبُّكُمُ الَّذِىْ

वह जो कि	तुम्हारा रब	65	कारसाज़	तेरा रब	और काफ़ी	ज़ोर - ग़ल्बा	उन पर	तेरा	नहीं

يُزْجِىْ لَكُمُ الْفُلْكَ فِى الْبَحْرِ لِتَبْتَغُوْا مِنْ فَضْلِهٖ ؕ اِنَّهٗ كَانَ بِكُمْ

तुम पर	है	बेशक वह	उस का फ़ज़्ल	से	ताकि तुम तलाश करो	दर्या में	कश्ती	तुम्हारे लिए	चलाता है

رَحِيْمًا ﴿٦٦﴾ وَاِذَا مَسَّكُمُ الضُّرُّ فِى الْبَحْرِ ضَلَّ مَنْ تَدْعُوْنَ

तुम पुकारते थे	जो	गुम हो जाते हैं	दर्या में	तक्लीफ़	तुम्हें छूती (पहुँचती) है	और जब	66	निहायत मेहरबान

اِلَّآ اِيَّاهُ ۚ فَلَمَّا نَجّٰىكُمْ اِلَى الْبَرِّ اَعْرَضْتُمْ ؕ وَكَانَ الْاِنْسَانُ

इन्सान	और है	तुम फिर जाते हो	खुश्की की तरफ़	वह तुम्हें बचा लाया	फिर जब	उस के सिवा

كَفُوْرًا ﴿٦٧﴾ اَفَاَمِنْتُمْ اَنْ يَّخْسِفَ بِكُمْ جَانِبَ الْبَرِّ اَوْ يُرْسِلَ

वह भेजे	या	खुश्की की तरफ़	तुम्हें	धंसा दे	कि	सो क्या तुम निडर हो गए हो	67	बड़ा नाशुक्रा

عَلَيْكُمْ حَاصِبًا ثُمَّ لَا تَجِدُوْا لَكُمْ وَكِيْلًا ﴿٦٨﴾ اَمْ اَمِنْتُمْ اَنْ

कि	तुम बेफ़िक्र हो गए	या	68	कोई कारसाज़	अपने लिए	तुम न पाओ	फिर	पत्थर बरसाने वाली हवा	तुम पर

يُّعِيْدَكُمْ فِيْهِ تَارَةً اُخْرٰى فَيُرْسِلَ عَلَيْكُمْ قَاصِفًا مِّنَ

से - का	सख़्त झोंका	तुम पर	फिर भेज दे वह	दोबारा	उस में	वह तुम्हें ले जाए

الرِّيْحِ فَيُغْرِقَكُمْ بِمَا كَفَرْتُمْ ۙ ثُمَّ لَا تَجِدُوْا لَكُمْ عَلَيْنَا بِهٖ تَبِيْعًا ﴿٦٩﴾

69	पीछा करने वाला	उस पर	हम पर (हमारा)	अपने लिए	तुम न पाओ	फिर	तुम ने नाशुक्री की	बदले में	फिर तुम्हें ग़र्क़ कर दे	हवा

और जब हम ने फ़रिश्तों से कहा कि आदम (अ) को सिज्दा करो, तो इब्लीस के सिवा उन सब ने सिज्दा किया, उस ने कहा क्या मैं उसे सिज्दा करूँ? जिसे तू ने मिट्टी से पैदा किया। (61)
उस ने कहा भला देख तो यह है वह जिसे तू ने मुझ पर इज़्ज़त दी, अलबत्तता अगर तू मुझे रोज़े क़ियामत तक ढील दे तो मैं चन्द एक के सिवा उस की औलाद को ज़रूर जड़ से उखाड़ दूँगा। (62)
उस ने फ़रमााया तू जा, पस उन में से जिस ने तेरी पैरवी की तो बेशक जहन्नम तुम्हारी सज़ा है, सज़ा भी भरपूर। (63)
और फुसला ले जिस पर तेरा बस चले उन में से अपनी आवाज़ से, और उन पर अपने सवार और पयादे चढ़ा ला, और उन से साझा कर ले माल और औलाद में, और उन से वादे कर, और उन से शैतान का वादा करना सिर्फ़ धोका है।। (64)
बेशक मेरे बन्दों पर तेरा कोई ज़ोर नहीं, और तेरा रब काफ़ी है कारसाज़। (65)
तुम्हारा रब वह है जो कि तुम्हारे लिए दर्या में किश्ती चलाता है ताकि तुम उस का फ़ज़्ल (रिज़्क़) तलाश करो, बेशक वह तुम पर निहायत मेहरबान है। (66)
ओर जब तुम्हें दर्या में तक्लीफ़ पहुँचती है तो गुम हो जाते हैं (भूल जाते हो) जिन्हें उस के सिवा तुम पुकारते थे, फिर जब वह तुम्हें बचा लाया, खुश्की की तरफ़, तो तुम फिर जाते हो, और इन्सान बड़ा नाशुक्रा है। (67)
सो क्या तुम निडर हो गए हो कि वह ज़मीन में धंसा दे तुम्हें खुश्की की तरफ़ (ले जा कर) या तुम पर पत्थर बरसाने वाली हवा भेजे, फिर तुम अपने लिए कोई कारसाज़ न पाओ। (68)
या तुम बेफ़िक्र हो गए हो कि वह तुम्हें दोबारा उस (दर्या) में ले जाए, फिर तुम पर हवा का सख़्त झोंका (तूफ़ान) भेज दे फिर तुम्हें नाशुक्री के बदले में ग़र्क़ कर दे, फिर तुम अपने लिए उस पर हमारा कोई पीछा करने वाला न पाओ। (69)

وَلَقَدْ كَرَّمْنَا بَنِيْٓ اٰدَمَ وَحَمَلْنٰهُمْ فِي الْبَرِّ وَالْبَحْرِ وَرَزَقْنٰهُمْ مِّنَ

से	और हम ने उन्हें रिज़्क़ दिया	और दर्या	ख़ुश्की में	दी	और हम ने उन्हें सवारी	औलादे आदम (अ)	हम ने इज़्ज़त बख़्शी	और तहक़ीक़

الطَّيِّبٰتِ وَفَضَّلْنٰهُمْ عَلٰي كَثِيْرٍ مِّمَّنْ خَلَقْنَا تَفْضِيْلًا ۝٧٠ يَوْمَ ع ١٠ ٧

जिस दिन	70	बड़ाई दे कर	हम ने पैदा किया (अपनी मख़लूक़)	उस से जो	बहुत सी	पर	और हम ने उन्हें फ़ज़ीलत दी	पाकीज़ा चीज़ें

نَدْعُوْا كُلَّ اُنَاسٍۢ بِاِمَامِهِمْ ۚ فَمَنْ اُوْتِيَ كِتٰبَهٗ بِيَمِيْنِهٖ فَاُولٰۗىِٕكَ

तो वह लोग	उस के दाएं हाथ में	उसकी किताब	दिया गया	पस जो	उन के पेश्वाओं के साथ	तमाम लोग	हम बुलाएंगे

يَقْرَءُوْنَ كِتٰبَهُمْ وَلَا يُظْلَمُوْنَ فَتِيْلًا ۝٧١ وَمَنْ كَانَ فِيْ هٰذِهٖٓ

इस (दुनिया) में	और जो रहा	71	एक धागे बराबर	और न वह ज़ुल्म किए जाएंगे	अपना आमाल नामा	पढ़ेंगे	

اَعْمٰى فَهُوَ فِي الْاٰخِرَةِ اَعْمٰى وَاَضَلُّ سَبِيْلًا ۝٧٢ وَاِنْ كَادُوْا لَيَفْتِنُوْنَكَ

कि तुम्हें बिचला दें	वह क़रीब था	और तहक़ीक़	72	रास्ता	और बहुत भटका हुआ	अन्धा	आख़िरत में	पस वह	अन्धा

عَنِ الَّذِيْٓ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ لِتَفْتَرِيَ عَلَيْنَا غَيْرَهٗ ۖ وَاِذًا لَّاتَّخَذُوْكَ

अलबत्ता वह तुम्हें बना लेते	और उस सूरत में	इस के सिवा	हम पर	ताकि तुम झूट बान्धो	तुम्हारी तरफ़	हम ने वहि की	वह जो	से

خَلِيْلًا ۝٧٣ وَلَوْلَآ اَنْ ثَبَّتْنٰكَ لَقَدْ كِدْتَّ تَرْكَنُ اِلَيْهِمْ شَيْـــًٔا قَلِيْلًا ۝٧٤ لا

74	थोड़ा	कुछ	उनकी तरफ़	अलबत्ता तुम झुकने लगते	हम तुम्हें साबित क़दम रखते	यह कि	और अगर न	73	दोस्त

اِذًا لَّاَذَقْنٰكَ ضِعْفَ الْحَيٰوةِ وَضِعْفَ الْمَمَاتِ ثُمَّ لَا تَجِدُ لَكَ

अपने लिए	तुम ने पाते	फिर	मौत	और दुगनी	ज़िन्दगी	दुगनी	उस सूरत में हम तुम्हें चखाते

عَلَيْنَا نَصِيْرًا ۝٧٥ وَاِنْ كَادُوْا لَيَسْتَفِزُّوْنَكَ مِنَ الْاَرْضِ لِيُخْرِجُوْكَ

ताकि वह तुम्हें निकाल दें	ज़मीन (मक्का)	से	कि तुम्हें फिसला ही दें	क़रीब था	और तहक़ीक़	75	कोई मददगार	हम पर (हमारे मुक़ाबले में)

مِنْهَا وَاِذًا لَّا يَلْبَثُوْنَ خِلٰفَكَ اِلَّا قَلِيْلًا ۝٧٦ سُنَّةَ مَنْ قَدْ اَرْسَلْنَا

हम ने भेजा	जो	सुन्नत	76	थोड़ा	मगर	तुम्हारे पीछे	वह न ठहर पाते	और उस सूरत में	यहां से

قَبْلَكَ مِنْ رُّسُلِنَا وَلَا تَجِدُ لِسُنَّتِنَا تَحْوِيْلًا ۝٧٧ اَقِمِ الصَّلٰوةَ لِدُلُوْكِ ع ٨ ٨

ढलने से	नमाज़	क़ाइम करें आप (स)	77	कोई तबदीली	हमारी सुन्नत में	और तुम ने पाओगे	अपने रसूल (जमा)	से	आप से पहले

الشَّمْسِ اِلٰى غَسَقِ الَّيْلِ وَقُرْاٰنَ الْفَجْرِ ۭ اِنَّ قُرْاٰنَ الْفَجْرِ كَانَ

है	सुबह का क़ुरआन	बेशक	सुबह (फ़ज्र)	और क़ुरआन	रात	अन्धेरा	तक	सूरज

مَشْهُوْدًا ۝٧٨ وَمِنَ الَّيْلِ فَتَهَجَّدْ بِهٖ نَافِلَةً لَّكَ ۖ عَسٰٓى اَنْ يَّبْعَثَكَ

कि तुम्हें खड़ा करे	क़रीब	तुम्हारे लिए	नफ़िल (ज़ाइद)	इस (क़ुरआन) के साथ	सो बेदार रहें	रात	और कुछ हिस्सा	78	हाज़िर किया गया (फ़रिश्तों को)

رَبُّكَ مَقَامًا مَّحْمُوْدًا ۝٧٩ وَقُلْ رَّبِّ اَدْخِلْنِيْ مُدْخَلَ صِدْقٍ

सच्चा	दाख़िल करना	मुझे दाख़िल कर	ऐ मेरे रब	और कहें	79	मुक़ामे महमूद	तुम्हारा रब

وَّاَخْرِجْنِيْ مُخْرَجَ صِدْقٍ وَّاجْعَلْ لِّيْ مِنْ لَّدُنْكَ سُلْطٰنًا نَّصِيْرًا ۝٨٠

80	मदद देने वाला	ग़ल्बा	अपनी तरफ़ से	मेरे लिए	और अता कर	सच्चा	निकालना	और मुझे निकाल

और तहक़ीक़ हम ने औलादे आदम (अ) को इज़्ज़त बख़्शी, और हम ने उन्हें ख़ुश्की और दर्या में सवारी दी, और हम ने उन्हें पाकीज़ा चीज़ों से रिज़्क़ दिया, और हम ने उन्हें अपनी बहुत सी मख़्लूक़ पर बड़ाई दे कर फ़ज़ीलत दी। (70)

जिस दिन हम तमाम लोगों को बुलाएंगे उन के पेशवाओं के साथ, पस जिस को उस की किताब (आमाल नामा) दाएं हाथ में दी गई तो वह लोग अपना आमाल नामा पढ़ेंगे और वह ज़ुल्म न किए जाएंगे एक धागे के बराबर (भी)। (71)

और जो इस दुनिया में अन्धा रहा पस वह आख़िरत में (भी) अन्धा (उठेगा) और रास्ते से भटका हुआ। (72)

और उस वहि से जो हम ने तुम्हारी तरफ़ की है क़रीब था कि वह तुन्हें उस से बिचला दें (फिसला दें) ताकि हम पर उस (वहि) के सिवा तुम झूट बान्धो और उस सूरत में अलबत्ता वह तुम्हें दोस्त बना लेते। (73)

और अगर हम तुम्हें साबित क़दम न रखते तो अलबत्ता तुम उन की तरफ़ झुकने लगते कुछ थोड़ा सा। (74)

उस सूरत में हम तुम्हें ज़िन्दगी में दुगनी (सज़ा) चखाते और दुगनी मौत (के बाद), फिर तुम अपने लिए न पाते हमारे मुक़ाबले में कोई मददगार। (75)

और तहक़ीक़ क़रीब था कि वह तुम्हें सरज़मीने मक्का से फिसला ही दें ताकि वह तुम्हें यहां से निकाल दें और उस सूरत में वह तुम्हारे पीछे न ठहर पाते मगर थोड़ा (अर्सा)। (76)

आप (स) से पहले जो रसूल हम ने भेजे (यही) सुन्नत (चली आ रही) है और तुम हमारी सुन्नत में कोई तबदीली न पाओगे। (77)

सूरज ढलने से रात के अन्धेरे तक नमाज़ क़ाइम करें, और सुबह का क़ुरआन, बेशक सुबह का क़ुरआन (पढ़ने में फ़िरिश्ते) हाज़िर होते हैं। (78)

और रात का कुछ हिस्सा क़ुरआन की तिलावत के साथ बेदार रहें, यह तुम्हारे लिए ज़ाइद है, क़रीब है कि तुम्हारा रब तुम्हें मुक़ामे महमूद में खड़ा कर दे। (79)

और आप (स) कहें ऐ मेरे रब! मुझे दाख़िल कर सच्चा दाख़िल करना, और मुझे निकाल सच्चा निकालना (अच्छी तरह), और अपनी तरफ़ से मेरे लिए अता कर ग़ल्बा, मदद देने वाला। (80)

وَقُـلْ جَـآءَ الْـحَـقُّ وَزَهَـقَ الْـبَـاطِلُ ؕ اِنَّ الْـبَاطِلَ كَانَ زَهُوْقًا ﴿٨١﴾

81	है ही मिटने वाला	बातिल	बेशक	बातिल	और नाबूद हो गया	आया हक़	और कह दें आप (स)

وَنُـنَـزِّلُ مِنَ الْقُرْاٰنِ مَا هُوَ شِفَآءٌ وَّرَحْمَةٌ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ۙ وَلَا يَزِيْدُ

और नहीं ज़ियादा होता	मोमिनों के लिए	और रहमत	वह शिफ़ा	जो	कुरआन	से	और हम नाज़िल करते हैं

الظّٰلِمِيْنَ اِلَّا خَسَارًا ﴿٨٢﴾ وَاِذَآ اَنْعَمْنَا عَلَى الْاِنْسَانِ اَعْرَضَ

वह रूगर्दान हो जाता है	इन्सान	पर - को	हम नेमत बख़्शते हैं	और जब	82	घाटा	सिवाए	ज़ालिम (जमा)

وَنَا بِجَانِبِهٖ ۚ وَاِذَا مَسَّهُ الشَّرُّ كَانَ يَـئُوْسًا ﴿٨٣﴾ قُلْ كُلٌّ يَّعْمَلُ عَلٰى

पर	काम करता है	कह दें हर एक	83	मायूस	वह हो जाता	बुराई	उसे पहुँचती है	और जब	और पहलू फेर लेता है

ع ٩ ٩ شَاكِلَتِهٖ ؕ فَرَبُّكُمْ اَعْلَمُ بِمَنْ هُوَ اَهْدٰى سَبِيْلًا ﴿٨٤﴾ وَيَسْـَٔلُوْنَكَ

और आप (स) से पूछते हैं	84	रास्ता	ज़ियादा सहीह	कि वह कौन	खूब जानता है	सो तुम्हारा परवरदिगार	अपना तरीक़ा

عَنِ الرُّوْحِ ؕ قُلِ الرُّوْحُ مِنْ اَمْرِ رَبِّيْ وَمَآ اُوْتِيْتُمْ مِّنَ الْعِلْمِ

इल्म से	तुम्हें दिया गया	और नहीं	मेरा रब	हुक्म से	रूह	कह दें	रूह	से - के बारे में

اِلَّا قَلِيْلًا ﴿٨٥﴾ وَلَئِنْ شِئْنَا لَنَذْهَبَنَّ بِالَّذِيْٓ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ

तुम्हारी तरफ़	हम ने वहि की	वह जो कि	तो अलबत्ता हम ले जाएं	हम चाहें	और अगर	85	थोड़ा सा	मगर

ثُمَّ لَا تَجِدُ لَكَ بِهٖ عَلَيْنَا وَكِيْلًا ﴿٨٦﴾ ۙ اِلَّا رَحْمَةً مِّنْ رَّبِّكَ ؕ اِنَّ فَضْلَهٗ

बेशक उस का फ़ज़्ल	तुम्हारे रब से	रहमत	मगर	86	कोई मददगार	हमारे (मुक़ाबले) पर	उस के लिए	अपने वास्ते	फिर तुम न पाओ

كَانَ عَلَيْكَ كَبِيْرًا ﴿٨٧﴾ قُلْ لَّئِنِ اجْتَمَعَتِ الْاِنْسُ وَالْجِنُّ عَلٰٓى

पर	और जिन	तमाम इन्सान	जमा हो जाएं	अगर	कह दें	87	बड़ा	तुम पर	है

اَنْ يَّاْتُوْا بِمِثْلِ هٰذَا الْقُرْاٰنِ لَا يَاْتُوْنَ بِمِثْلِهٖ وَلَوْ كَانَ بَعْضُهُمْ

उन के बाज़	और अगरचे हो जाएं	इस के मानिंद	न ला सकेंगे	इस कुरआन	मानिंद	वह लाएं	कि

لِبَعْضٍ ظَهِيْرًا ﴿٨٨﴾ وَلَقَدْ صَرَّفْنَا لِلنَّاسِ فِيْ هٰذَا الْقُرْاٰنِ مِنْ

से	इस कुरआन	में	लोगों के लिए	और हम ने तरह तरह से बयान किया है	88	मददगार	बाज़ के लिए

كُلِّ مَثَلٍ ۫ فَاَبٰٓى اَكْثَرُ النَّاسِ اِلَّا كُفُوْرًا ﴿٨٩﴾ وَقَالُوْا لَنْ نُّؤْمِنَ لَكَ

तुझ पर	हम हरगिज़ ईमान नहीं लाएंगे	और वह बोले	89	नाशुक्री	सिवाए	अक्सर लोग	पस कुबूल न किया	हर मिसाल

حَتّٰى تَفْجُرَ لَنَا مِنَ الْاَرْضِ يَنْۢبُوْعًا ﴿٩٠﴾ ۙ اَوْ تَكُوْنَ لَكَ جَنَّةٌ مِّنْ

से - का	एक बाग़	तेरे लिए	या हो जाए	90	कोई चश्मा	ज़मीन से	हमारे लिए	तू रवां कर दे	यहां तक कि

نَّخِيْلٍ وَّعِنَبٍ فَتُفَجِّرَ الْاَنْهٰرَ خِلٰلَهَا تَفْجِيْرًا ﴿٩١﴾ ۙ اَوْ تُسْقِطَ السَّمَآءَ

आस्मान	तू गिरा दे	या	91	बहती हुई	उस के दरमियान	नहरें	पस तू रवां कर दे	और अंगूर	खजूर (जमा)

كَمَا زَعَمْتَ عَلَيْنَا كِسَفًا اَوْ تَاْتِيَ بِاللّٰهِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ قَبِيْلًا ﴿٩٢﴾ ۙ

92	रूबरू	और फ़रिश्ते	अल्लाह को	या तू ले आ	टुकड़े	हम पर	जैसा कि तू कहा करता है

और कह दें हक़ आया और बातिल नाबूद हो गया, बेशक बातिल है ही मिटने वाला (नीस्त औ नाबूद होने वाला)। (81) और हम कुरआन नाज़िल करते हैं जो मोमिनों के लिए शिफ़ा और रहमत है, और ज़ालिमों के लिए ज़ियादा नहीं होता घाटे के सिवा। (82) और जब हम इन्सान को नेमत बख़्शते हैं वह रूगर्दान हो जाता है, और पहलू फेर लेता है, और जब उसे बुराई पहुँचती है तो वह मायूस हो जाता है। (83) कह दें हर एक अपने तरीक़े पर काम करता है, सो तुम्हारा परवरदिगार खूब जानता है कि कौन ज़ियादा सहीह रास्ते पर है? (84) और वह आप (स) से रूह के मुतअ़ल्लिक़ पूछते हैं, आप (स) कह दें रूह मेरे रब के हुक्म से है, और तुम्हें इल्म नहीं दिया गया मगर थोड़ा सा। (85) और अगर हम चाहें तो अलबत्ता हम ले जाएं (सल्ब कर लें) जो वहि हम ने तुम्हारी तरफ़ की है, फिर तुम उस के लिए अपने वास्ते न पाओ हमारे मुक़ाबले पर कोई मददगार। (86) मगर तुम्हारे रब की रहमत से है (कि ऐसा नहीं होता), बेशक तुम पर उस का बड़ा फ़ज़्ल है। (87) आप (स) कह दें अगर तमाम इन्सान और जिन (इस बात) पर जमा हो जाएं कि वह इस कुरआन के मानिंद ले आएं तो वह इस के मानिंद न ला सकेंगे अगरचे उन के बाज़, बाज़ के लिए (वह एक दूसरे के) मददगार हो जाएं। (88) और हम ने लोगों के लिए इस कुरआन में तरह तरह से बयान कर दी है हर मिसाल, पस अक्सर लोगों ने नाशुक्री के सिवा कुबूल न किया। (89) और वह बोले कि हम तुझ पर हरगिज़ ईमान न लाएंगे, यहां तक कि तू हमारे लिए ज़मीन से कोई चश्मा रवां कर दे। (90) या तेरे लिए खजूरों और अंगूर का एक बाग़ हो, पस तू उस के दरमियान बहती नहरें रवां कर दे। (91) या जैसे तू कहा करता है हम पर आस्मान के टुकड़े गिरा दे, या अल्लाह को और फ़रिश्तों को रूबरू ले आ। (92)

या तेरे लिए सोने का एक घर हो, या तू आस्मान में चढ़ जाए, और हम हरगिज़ तेरे चढ़ने को न मानेंगे जब तक तू हम पर एक किताब न उतारे जिसे हम पढ़ लें, आप (स) कह दें पाक है मेरा रब, मैं सिर्फ़ एक बशर हूँ (अल्लाह का) रसूल। (93)

और लोगों को (किसी बात ने) नहीं रोका कि वह ईमान लाएं जब उन के पास हिदायत आ गई, मगर यह कि उन्हों न कहा क्या अल्लाह ने एक बशर को रसूल (बना कर) भेजा है? (94)

आप (स) कह दें, अगर होते ज़मीन में फ़रिश्ते चलते फिरते, इत्मीनान से रहते तो हम ज़रूर उन पर आस्मानों से फ़रिश्ते रसूल (बना कर) उतारते। (95)

आप (स) कह दें मेरे और तुम्हारे दरमियान अल्लाह की गवाही काफ़ी है, बेशक वह अपने बन्दों का ख़बर रखने वाला, देखने वाला है। (96)

और जिसे अल्लाह हिदायत दे पस वही हिदायत पाने वाला है, और जिसे वह गुमराह करे पस तू उन के लिए उस के सिवा हरगिज़ कोई मददगार न पाएगा, और हम क़ियामत के दिन उन्हें उन के चहरों के बल अन्धे और गूंगे और बहरे उठाएंगे, उन का ठिकाना जहन्नम है, जब कभी जहन्नम की आग बुझने लगेगी हम उन के लिए और भड़का देंगे। (97)

यह उन की सज़ा है क्यों कि उन्हों ने हमारी आयतों का इन्कार किया और उन्हों ने कहा क्या जब हम हड्डियां और रेज़ा रेज़ा हो जाएंगे, क्या हम अज़ सरे नौ पैदा कर के ज़रूर उठाए जाएंगे? (98)

क्या उन्हों ने नहीं देखा कि अल्लाह जिस ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया है इस पर क़ादिर है कि उन जैसे पैदा करे, और उस ने उन के लिए मुक़र्रर किया एक वक़्त, इस में कोई शक नहीं, ज़ालिमों ने नाशुक्री के सिवा क़ुबूल न किया। (99)

आप कह दें अगर तुम मालिक होते मेरे रब की रहमत के ख़ज़ानों के, तो तुम ख़र्च हो जाने के डर से ज़रूर बन्द रखते, और इन्सान बहुत तंग दिल है। (100)

اَوْ يَكُوْنَ لَكَ بَيْتٌ مِّنْ زُخْرُفٍ اَوْ تَرْقٰى فِى السَّمَآءِ ؕ وَلَنْ نُّؤْمِنَ									
और हम हरगिज़ न मानेंगे	आस्मान में	तू चढ़ जाए	या	सोना	से - का	एक घर	तेरे लिए	हो	या
لِرُقِيِّكَ حَتّٰى تُنَزِّلَ عَلَيْنَا كِتٰبًا نَّقْرَؤُهٗ ؕ قُلْ سُبْحَانَ رَبِّىْ هَلْ كُنْتُ									
नहीं हूँ मैं	मेरा रब	पाक है	आप कह दें	हम पढ़ लें जिसे	एक किताब	हम पर	तू उतारे	यहां तक कि	तेरे चढ़ने को
اِلَّا بَشَرًا رَّسُوْلًا ﴿٩٣﴾ وَمَا مَنَعَ النَّاسَ اَنْ يُّؤْمِنُوْٓا اِذْ جَآءَهُمُ									
उन के पास आ गई	जब	कि वह ईमान लाएं	लोग (जमा)	रोका	और नहीं	93	रसूल	एक बशर	मगर - सिर्फ़
الْهُدٰٓى اِلَّآ اَنْ قَالُوْٓا اَبَعَثَ اللّٰهُ بَشَرًا رَّسُوْلًا ﴿٩٤﴾ قُلْ لَّوْ كَانَ									
अगर होते	कह दें	94	रसूल	एक बशर	अल्लाह	क्या भेजा	उन्हों ने कहा	यह कि	मगर	हिदायत
فِى الْاَرْضِ مَلٰٓئِكَةٌ يَّمْشُوْنَ مُطْمَئِنِّيْنَ لَنَزَّلْنَا عَلَيْهِمْ مِّنَ السَّمَآءِ									
आस्मान से	उन पर	हम ज़रूर उतारते	इत्मीनान से रहते	चलते फिरते	फ़रिश्ते	ज़मीन में			
مَلَكًا رَّسُوْلًا ﴿٩٥﴾ قُلْ كَفٰى بِاللّٰهِ شَهِيْدًا ۢ بَيْنِىْ وَبَيْنَكُمْ ؕ اِنَّهٗ كَانَ									
है	बेशक वह	और तुम्हारे दरमियान	मेरे दरमियान	गवाह	अल्लाह की	काफ़ी है	कह दें	95	रसूल	फ़रिश्ता
بِعِبَادِهٖ خَبِيْرًا ۢ بَصِيْرًا ﴿٩٦﴾ وَمَنْ يَّهْدِ اللّٰهُ فَهُوَ الْمُهْتَدِ ۚ وَمَنْ									
और जिसे	हिदायत पाने वाला	पस वही	अल्लाह	हिदायत दे	और जिसे	96	देखने वाला	ख़बर रखने वाला	अपने बन्दों का
يُّضْلِلْ فَلَنْ تَجِدَ لَهُمْ اَوْلِيَآءَ مِنْ دُوْنِهٖ ؕ وَنَحْشُرُهُمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ									
क़ियामत के दिन	और हम उठाएंगे उन्हें	उस के सिवा	मददगार	उन के लिए	पस तू हरगिज़ न पाएगा	गुमराह करे			
عَلٰى وُجُوْهِهِمْ عُمْيًا وَّبُكْمًا وَّصُمًّا ؕ مَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ؕ كُلَّمَا خَبَتْ									
बुझने लगेगी	जब कभी	जहन्नम	उन का ठिकाना	और बहरे	और गूंगे	अन्धे	उन के चहरे	पर - बल	
النصف زِدْنٰهُمْ سَعِيْرًا ﴿٩٧﴾ ذٰلِكَ جَزَآؤُهُمْ بِاَنَّهُمْ كَفَرُوْا بِاٰيٰتِنَا وَقَالُوْٓا									
और उन्हों ने कहा	हमारी आयतों का	उन्हों ने इन्कार किया	क्यों कि वह	उन की सज़ा	यह	97	भड़काना	हम उन के लिए ज़ियादा कर देंगे	
ءَاِذَا كُنَّا عِظَامًا وَّرُفَاتًا ءَاِنَّا لَمَبْعُوْثُوْنَ خَلْقًا جَدِيْدًا ﴿٩٨﴾									
98	अज़ सरे नौ	पैदा कर के	ज़रूर उठाए जाएंगे	क्या हम	और रेज़ा रेज़ा	हड्डियां	हो जाएंगे हम	क्या जब	
اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّ اللّٰهَ الَّذِىْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ قَادِرٌ عَلٰٓى									
पर	क़ादिर	और ज़मीन	आस्मान (जमा)	पैदा किया	जिस ने	अल्लाह	कि	उन्हों ने देखा	क्या नहीं
اَنْ يَّخْلُقَ مِثْلَهُمْ وَجَعَلَ لَهُمْ اَجَلًا لَّا رَيْبَ فِيْهِ ؕ فَاَبَى الظّٰلِمُوْنَ									
ज़ालिम (जमा)	तो क़ुबूल न किया	उस में	नहीं शक	एक वक़्त	उन के लिए	उस ने मुक़र्रर किया	उन जैसे	कि वह पैदा करे	
اِلَّا كُفُوْرًا ﴿٩٩﴾ قُلْ لَّوْ اَنْتُمْ تَمْلِكُوْنَ خَزَآئِنَ رَحْمَةِ رَبِّىْٓ اِذًا									
जब	मेरा रब	रहमत	ख़ज़ाने	मालिक होते	तुम	अगर	आप कह दें	99	नाशुक्री के सिवा
لَّاَمْسَكْتُمْ خَشْيَةَ الْاِنْفَاقِ ؕ وَكَانَ الْاِنْسَانُ قَتُوْرًا ﴿١٠٠﴾									
100	तंग दिल	इन्सान	और है	ख़र्च हो जाना	डर से	तुम ज़रूर बन्द रखते			

ع ١٠ ١٠

ع ١١ ١١

وَلَقَدْ اٰتَيْنَا مُوْسٰى تِسْعَ اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ فَسْـَٔلْ بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ اِذْ جَآءَهُمْ

उन के पास आया	जब	बनी इस्राईल	पस पूछ तू	खुली निशानियां	नौ (9)	मूसा (अ)	और अलबत्ता हम ने दीं

فَقَالَ لَهٗ فِرْعَوْنُ اِنِّيْ لَاَظُنُّكَ يٰمُوْسٰى مَسْحُوْرًا ﴿۱۰۱﴾ قَالَ لَقَدْ عَلِمْتَ

